देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 23.08.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- चमोली जिले के थराली में अतिवृष्टि से थराली बाजार और घरों में मलबा घुसने से नुकसान। राहत और बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी।
- कुमाऊं परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने कहा – आपराधिक घटनाओं में लापरवाही बरतने पर संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ 24 घंटे के भीतर कठोर कार्रवाई की जाएगी।
- केंद्र सरकार ने देश की सेमीकंडक्टर डिज़ाइन क्षमताओं को बढ़ावा देने की प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 23 चिप–डिज़ाइन परियोजनाओं को मंजूरी दी।
- देहरादून, टिहरी, चमोली, बागेश्वर और नैनीताल जिलों में आज तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट। स्यानाचट्टी में अस्थायी झील से पानी की निकासी शुरू।

<u>अतिवृष्टि थराली– उत्तराखंड</u>

चमोली जिले के थराली में देर रात करीब एक बजे अतिवृष्टि से टुनरी गदेरे में पानी बढ़ने के कारण थराली बाजार और कई घरों में मलबा घुस गया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार मलबे में एक महिला के दबे होने, जबकि एक व्यक्ति के लापता होने की सूचना है। कुछ वाहन भी मलबे में दब गए। जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं। जिलाधिकारी संदीप तिवारी मौके पर मौजूद रहकर कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। वहीं, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने घटना के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने थराली की घटना पर दुःख जताते हुए राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने चमोली जिले के जनप्रतिनिधियों से फोन पर वार्ता कर नुकसान की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से राहत और बचाव कार्यों में जिला प्रशासन का सहयोग करने का अनुरोध किया है। इसके अलावा उन्होंने स्थानीय विधायक से बात कर उनसे मौके पर रहकर राहत और बचाव कार्यो का भौतिक निरीक्षण करने की अपेक्षी की है। वहीं, भारी बारिश के कारण कर्णप्रयाग–ग्वालदम सड़क, कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसे सुचारू करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

अपराध समीक्षा बैठक

कुमाऊं परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने कहा है कि आपराधिक घटनाओं में लापरवाही बरतने पर संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ 24 घंटे के भीतर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रभारी निरीक्षक और थानाध्यक्ष खुद को मठाधीश न समझें और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाएं। हल्द्वानी में पुलिस महानिरीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निस्तारण, गुमशुदगी, नशा विरोधी अभियान और आगामी त्योहारों व छात्रसंघ चुनावों की कानून व्यवस्था पर चर्चा हुई। इस दौरान उन्होंने एक माह के भीतर सभी लंबित वाहनों की नीलामी या स्क्रैपिंग की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय

उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने चुनावी हिंसा, अवैध खनन और अन्य कारणों से हो रहे अपराधों की रोकथाम के लिये राज्य के गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को दो सप्ताह के भीतर ब्लू प्रिंट तैयार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने को कहा है। पंचायत चुनावों के दौरान नैनीताल सहित अन्य जगहों पर हुई आपराधिक वारदातों के अलावा राज्य में बढ़ रहे अपराधों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायाधीश सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने लगातार बढ़ रहे गन कल्चर पर अपनी चिंता व्यक्त की।

सुनवाई के दौरान पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ व गृह सचिव शैलेश बगौली वर्चुअल माध्यम से न्यायालय में पेश हुए। खंडपीठ ने अवैध हथियारों की फैक्ट्रियों का पता लगाकर उनके संचालकों पर कार्रवाई करने को भी कहा है। गृह सचिव ने वैध शस्त्र फैक्ट्रियों, दुकानों के ऑडिट व अन्य के बारे में खंडपीठ को विस्तृत जानकारी दी।

पुलिस महानिदेशक और गृह सचिव की ओर से अपराध नियंत्रण के संबंध में न्यायालय में दिए गए वक्तव्यों पर उच्च न्यायालय ने सन्तोष जाहिर करते हुए कहा कि पुलिस की कार्यवाही का नतीजा धरातल पर दिखना चाहिए। इस मामले की अगली सुनवाई 12 सितम्बर को होगी।

सेमीकंडक्टर

केंद्र सरकार ने देश में सेमीकंडक्टर डिजाइन क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 23 चिप डिजाइन परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से निगरानी कैमरा, ऊर्जा मीटर, माइक्रोप्रोसेसर आईपी और नेटवर्किंग एप्लिकेशन के लिए स्वदेशी चिप और सिस्टम ऑन चिप का विकास किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया है कि 72 कंपनियों को चिप डिजाइन परियोजनाओं के लिए इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन टूल उपलब्ध कराए गए हैं।

मौसम

मौसम विभाग ने आज देहरादून, टिहरी, चमोली, बागेश्वर और नैनीताल जिलों में कहीं–कहीं बहुत तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा राज्य के शेष जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इस बीच, प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। रुद्रप्रयाग जिले में बारिश के कारण अलकनंदा और मंदाकिनी नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिला आपदा प्रबंधन टीम, एसडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें लगातार जल स्तर की निगरानी कर रही हैं। प्रशासन ने नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और नदी की ओन न जाने की अपील की है। उधर, बागेश्वर जिले में रातभर हुई बारिश से जन–जीवन प्रभावित हो गया है। नदियां उफान पर हैं और पांच ग्रामीण मोटर मार्ग बंद हो गए हैं। मौसम विभाग की चेतावनी के मद्‌देजनर आज कई जिलों में स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है। उधर, उत्तरकाशी जिले के स्यानाचट्टी में बनी अस्थाई झील के मुहाने के खुलने से जल निकासी तेजी से हो रही है। पानी यमुना नदी पर बने पुल से लगभग चार फीट नीचे बह रहा है। मशीनों के जरिए नदी से गाद निकालने, पुल से मलबा हटाने और आवाजाही सुचारू करने का कार्य जारी है।

समीक्षा

पौड़ी जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने पुलिस लाइन पौड़ी में मासिक अपराध गोष्ठी कर जिले में अपराधों की समीक्षा की। बैठक में सभी राजपत्रित अधिकारी, कोतवाली और थाना प्रभारियों ने भाग लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर वाहन सीज, चालान और लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई प्राथमिकता से की जाए। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की स्थिति में अभिभावकों और वाहन स्वामियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकांश मामले साइबर ठगी, चोरी और महिला अपराध से जुड़े हैं, जिनके त्वरित निस्तारण के लिए थाना प्रभारी और विवेचना अधिकारी प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही किराएदारों, मजदूरों, घरेलू सहायकों और हॉस्टल व पीजी में रहने वाले विद्यार्थियों का ऑनलाइन सत्यापन अनिवार्य रूप से कराया जाए।

नशा रोकथाम

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने नशे में उपयोग होने वाली दवाओं की बिक्री पर सख्त निगरानी रखने और सभी मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए हैं। जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग को नशा मुक्ति केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में छात्रों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई जाए और नशे के दुष्प्रभावों को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। उन्होंने मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक और ड्रग्स हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने पर जोर दिया। साथ ही उप–जिलाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सब–डिवीजन स्तर पर बैठक करने और हर माह तहसील स्तर पर समीक्षा करने को कहा। उन्होंने गैर पारंपरिक नशीले द्रव्यों की पहचान

कर उन पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जन–जागरूकता के लिए पोस्टर, बैनर और अन्य माध्यमों से प्रचार–प्रसार करने को कहा गया।

## वित्तीय समावेशन संतृप्ति कैंप

भारतीय स्टेट बैंक की विकासनगर शाखा द्वारा ग्राम पंचायत बुलाकीवाला, देहरादून में वित्तीय समावेशन संतृप्ति कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक अधिकारियों ने निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने, रि–केवाईसी, जनधन योजना, बीमा योजनाएं और अटल पेंशन योजना से जुड़े लाभों की जानकारी दी। डिजिटल फ्रॉड से बचाव और खातों में नामांकन की अहमियत पर भी जागरूक किया गया।